ए.आई.एस.एस.जे.सी./1839/25/807 दिनांकः 11.01.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति – 4

आदरणीय बन्धुओं / बहनों, सादर जय जिनेन्द्र !

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति के अनुसार जैन कॉन्फ्रेंस के नाम से जिन भी महानुभावों ने सोशल मीडिया पर अनाधिकृत व्हाट्सऐप ग्रुप संचालित किए हुए है कृपया करके उन ग्रुपों को एक सप्ताह के अंदर बंद करें अथवा उनका नाम परिवर्तन करने की कृपा करें।

सोशल मीडिया के व्हाट्सऐप प्लेटफार्म पर अधिकारिक रूप से जो ग्रुप जैन कॉन्फ्रेंस के केन्द्रीय कार्यालय द्वारा संचालित है अथवा संचालित किए जाएंगे उनका संचालन राष्ट्रीय महामंत्री के द्वारा ही किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा ही जिस भी प्रकार की विज्ञप्ति / सूचना जारी की जाएगी उसी को अधिकारिक माना जाएगा एवं श्रमण संघीय पूज्य साधु–साध्वीवृंद की मर्यादा व सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके अलावा विशेष अनुरोध है कि प्रांतीय स्तर पर बनाए गए व्हाट्सऐप ग्रुप का संचालन प्रांतीय महामंत्री द्वारा ही किया जाए एवं इस प्रक्रिया का सभी प्रांतों में अवश्य पालन किया जाए।

वहीं जैन कॉन्फ्रेंस से इतर संचालित हो रहे व्हाट्सऐप ग्रुपों में श्रमण संघ के पूज्य साधु –साध्वीवृंद के संबंध में टीका–टिप्पणी करने वाले महानुभावों के विरूद्ध साइबर क्राइम के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं विधिवत् संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए अनुशासन समिति के समक्ष इस विषय को प्रस्तुत किया जाएगा फिर अनुशासन समिति अपने स्तर पर उस विषय में विधिवत जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही करेगी।

जैन कॉन्फ्रेंस के द्वारा सोशल मीडिया के व्हाट्सऐप प्लेटफार्म पर जो भी अधिकारिक ग्रुप संचालित किया जाएगा उस ग्रुप से संबंधित महानुभावों को ही उस ग्रुप में जोड़ा जाएगा और ग्रुप में जोड़े गए सभी महानुभाव उस ग्रुप की मर्यादा का पूरा ख्याल रखते हुए श्रमण संघ के प्रति अपनी निष्ठा का पालन करेंगे। आशा है कि आप सभी हमारे इस निवेदन का पालन करते हुए जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पूरा पालन करेंगे। साथ रहेंगे, विकास करेंगे की भावना को कायम करेंगे!

धन्यवाद !

डॉ. अमितराय जैन
राष्ट्रीय महामंत्री–जैन कॉन्फ्रेंस
मो. : 98373 94448